शहीद दिवस पर अहिंसा मार्च निकाला, अहिंसा के पथ चलने का दिया संदेश

बीकानेर, (कासं)। शहीद दिवस के अवसर पर गुरूवार को शहीद भगत सिंह राजगुरू व सुखदेव की स्मृति में अहिंसा मार्च निकाला गया। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी और जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद सहित जनप्रतिनिधियों सरकारी कार्मिकों, स्कूली विद्यार्थियों और आमजन ने अहिंसा के पथ पर चलने का संदेश दिया।

शांति एवं अहिंसा निदेशालय द्वारा गांधी पार्क में आयोजित सर्व धर्म प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरू जैसे असंख्य देशभक्तों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। हमें समस्त शहीदों के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवा पीढ़ी को इन शहीदों के योगदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये गए। उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में राज्य संस्कृति उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों से प्रदेशवासियों को राजस्थान की बहुरंगी संस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि महात्मा गांधी ने दुनिया को सत्य और अहिंसा के पथ पर आगे बढ़ने की राह दिखाई। उनके सिद्धांत सदैव प्रासंगिक रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश का पहला शांति और अहिंसा निदेशालय प्रदेश में स्थापित किया है। इससे महात्मा गांधी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा इन सिद्धांतों पर अपनाएं और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर पंकज शर्मा, गांधी शांति प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजय आचार्य, खादी के संभाग अधिकारी मदन स्वामी, पूर्व संभाग अधिकारी शिशुपाल सिंह, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र मीणा, समसा के एडीपीसी गजानंद सेवग, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ. बिठ्ठल बिस्सा, यूआईटी के अधिशासी अभियंता राजीव गुप्ता, राजू नेगी, अमरचंद सहित अनेक लोग मौजूद थे।

इससे पहले शिक्षा मंत्री तथा ऊर्जा मंत्री ने गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस नेहरू युवा केन्द्र व स्काउट गाइड स्वयंसेवी संस्थाओं, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित स्कूली बच्चों की भागीदारी रही। इसके बाद सर्व धर्म प्रार्थना सभा हुई तथा बापू के प्रिय भजनों का गायन किया गया। इसके बाद अहिंसा यात्रा शुरू हुई जो गांधी पार्क से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। शिक्षा मंत्री और ऊर्जा मंत्री ने पैदल चलकर मार्च का नेतृत्व किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

अहिंसा रैली से किया शहीदों को नमन : श्रीगंगानगर में शहीद दिवस 23 मार्च के उपलक्ष में गुरूवार को जिला प्रशासन की ओर से अहिंसा रैली और सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन कर शहीदों को नमन किया गया। आज प्रात: 8.30 बजे गोल बाजार स्थित महात्मा गांधी चौक पर स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अध्यापक व्यापार मण्डल सदस्य जन प्रतिनिधि जिला परिषद स्टाफ सहित आमजन एकत्रित हुए। शहीदे आजम भगत सिंह अमर रहे सुखदेव, राजगुरू अमर रहे के नारे लगाते हुए सभी जिला परिषद सीईओ मोहम्मद जुनैद के नेतृत्व में भगत सिंह चौक पहुचे और माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

फायर बिग्रेड परिसर में सर्वधर्म प्रार्थना कार्यक्रम की शुरूआत दो मिनट के मौन से हुई। फिर सभी मुख्य धर्मों की प्रार्थनाएं गाई गई। जुनैद ने सभी से अपने इतिहास को याद रखने, शहीदों की कुर्बानियों से मिली स्वतंत्रता की कीमत समझने और महापुरूषों द्वारा दिये गए सद्विचारों को अपने जीवन में स्थापित करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग से सहायक निदेशक नरेश बारोटिया, परीविक्षा अधिकारी संदीप कुमार, शिक्षा विभाग के सीबीईओ सुनील भाटिया, प्रधानाचार्य नरेश शर्मा, तरसेम गुप्ता, नरेन्द्र चौधरी नेहरू युवा केन्द्र श्रीगंगानगर के भूपेन्द्र सिंह शेखावत, नगर परिषद से प्रेम चुघ फायर बिग्रेड स्टॉफ आदि मौजूद थे।

बीकानेर में शहीद दिवस पर अहिंसा मार्च में शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी व जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने शिरकत की।

- कार्यक्रम में एनसीसी, स्काउट गाइड, स्वयंसेवी संस्थाओं, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित स्कूली बच्चों की भागीदारी रही

भवानी भाई प्रतिमा समिति गठित

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान के वरिष्ठ नेता रहे पूर्व महापौर भवानी शंकर शर्मा की प्रतिमा स्थापित करने, मार्ग पर दोनों तरफ सघन हरियाली करने और प्रतिमा स्थल की देखभाल के लिए एक 11 सदस्य वाली समिति का गठन किया गया है।

समाजसेविका कामिनी भोजक मैया ने बताया कि भवानी शंकर ना सिर्फ शाकद्वीपीय समाज बल्कि सर्व समाज में उनके चाहने वालों की लम्बी फेहरिस्त है। यही कारण है की भवानी भाई सर्व स्वीकार्य व्यक्तित्व के धनी थे। उनके नाम पर मार्ग और प्रतिमा स्थल की घोषणा निगम द्वारा की जा चुकी है। बाकी की कार्यवाही पूर्ण करने और जल्द से जल्द प्रतिमा लगाने का कार्य किया जाना है। इसके लिए आज एक समिति का गठन किया गया है जो की इसकी सार संभाल का कार्य भी भविष्य में देखती रहेगी। चूंकि भवानी शंकर शर्मा का बोलता नाम भवानी भाई रहा है। इसलिए प्रतिमा समिति का नाम भी भवानी भाई प्रतिमा समिति रखने का निर्णय सभी सदस्यों के बीच हुआ।

कामिनी विमल भोजक मैया ने बताया की चूंकि मार्ग और प्रतिमा के लिए समाज और शुभचिंतकों के सहयोग के अलावा पार्षद नितिन वत्सस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। इसलिए आगे के कार्य को पूरा करने के लिए संयोजक का दायित्व नितिन वत्सस को देने का निर्णय हुआ। समिति में कामिनी विमल भोजक, आर. के. शर्मा, गुलाम मुस्तफा, अरविंद मिढ़ा, प्रेमरतन उर्फ पट्टू जोशी, हीरालाल हर्ष, सतीश शर्मा, गजानंद शर्मा, वरूण शर्मा, नितिन वत्सस, राजेश शर्मा को प्रथम समिति के रूप में शामिल किया गया है।

सार-समाचार

सी.पी.के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर खुशी

सांसद सी. पी. जोशी के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर सादुल सर्किल बीकानेर में भाजपाईयों ने जश्न मनाया।

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पद पर सांसद सी.पी. जोशी नियुक्त होने पर बीकानेर भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र शर्मा की अगुवाई में भाजपा नेताओं ने पटाखे फोड़कर मिठाई बांटकर जश्न मनाया। भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि सी.पी. जोशी की घोषणा से बीकानेर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। संगठन के प्रति समर्पित सरल व्यक्तिव के धनी सी.पी. जोशी की नियुक्ति से संगठन को बल मिलेगा। आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा 180 सीट के साथ राजस्थान में परचम लहराएगी। जोशी के साथ पूर्व में काम करने का सुखद अनुभव रहा है। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए इनके साथ बीकानेर के कार्यकर्ताओं का विशेष जुड़ाव रहा है। आज के जश्न में ललित भान सोलंकी, पंकज गहलोत, जे.पी. व्यास, नवरतन सिंह, मनीष सोनी, सुशील शर्मा, गौरव चौधरी, सीटू रावत, श्रवण सिंह, निशांत गौड़, गिरधारी सिंह, जमनलाल गजरा, रमेश सैनी, कुणाल कोचर, मनीष कामरा, रमेश छींपा, पवन भाटी उपस्थित थे।

श्रमदान कर सफाई की

जैन महाविद्यालय के एन. एस. एस शिविर में विद्यार्थियों ने श्रमदान कर सफाई की।

बीकानेर, (कासं)। श्री जैन पीजी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ सुशील दैया ने बताया कि 7 दिवसीय विशेष शिविर के तहत तीसरे दिन शहादत दिवस के उपलक्ष में छात्रों द्वारा शहीद भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरू को पुष्पांजलि द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ शिवराम सिंह झाझड़िया ने विद्यार्थियों को शहादत दिवस की महत्ता से परिचित करवाया। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र चौधरी ने भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की बात कही। इसी कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉक्टर राजेश रांकावत ने बताया कि स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान करके मैदान की सफाई की गई। श्रमदान में महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य तथा स्वयंसेवक उपस्थित थे।

गंदे पानी की सब्जियां नष्ट कराई

संभागीय आयुक्त के निर्देश पर वल्लभ गार्डन में दस बीघा में गंदे पानी से उगाई सब्जियों को जेसीबी से नष्ट किया।

बीकानेर, (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन के निर्देशानुसार गुरूवार को उपखंड अधिकारी अशोक कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में राजस्व विभाग और नगर निगम की टीम ने वल्लभ गार्डन के पीछे लगभग 10 बीघा क्षेत्र में गंदे पानी से उगाई गई सब्जियों को नष्ट करवाया। संभागीय आयुक्त ने कहा कि गंदे पानी से सब्जियां उगाकर आमजन के स्वास्थ्य के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को किसी कीमत पर सहन नहीं किया जायेगा। आगे भी ऐसी कार्रवाई नियमित रूप से चलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि गंदे पानी से सब्जी उगाने वाले स्वत: ही इसे नष्ट कर दें अन्यथा प्रशासन द्वारा यह कार्यवाही की जायेगी।

पी.बी.एम. के डॉक्टर्स की छुट्टी पर रोक, आउटडोर में बढ़ने लगे मरीज

बीकानेर, (कासं)। 'राइट टू हैल्थ' बिल के विरोध में हड़ताल पर चल रहे बीकानेर के प्राइवेट हॉस्पिटल के दबाव से पीबीएम अस्पताल, जिला अस्पताल और सैटेलाइट अस्पताल हांफने लगे हैं। इस बीच सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज ने डॉक्टर्स के अवकाश पर रोक लगा दी है।

बिना अनुमति अवकाश लेने वाले डॉक्टर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। साथ ही सीएमएचओ बीकानेर से अतिरिक्त डॉक्टर्स की डिमांड की गई है ताकि रोगियों के बढ़ते दबाव को सहन किया जा सके। बीकानेर के सभी प्राइवेट अस्पताल पूरी तरह बंद है। यहां तक कि प्राईवेट डॉक्टर्स घर पर भी प्रैक्टिस नहीं कर रहे हैं। ऐसे में रोगियों को सरकारी अस्पताल ही जाना पड़ रहा है। पिछले चार दिन से बीकानेर के पीबीएम अस्पताल, सैटेलाइट अस्पताल गंगाशहर और जिला अस्पताल जस्सूसर गेट पर रोगियों का दबाव बढ़ गया है। करीब तीन हजार रोगियों का आउट डोर इन अस्पतालों पर बढ़ गया है।

- 'राइट टू हैल्थ' बिल के विरोध में प्राईवेट हॉस्पिटल के डॉक्टरों की हड़ताल

बीकानेर के करीब एक दर्जन प्राइवेट अस्पतालों में रोगियों की संख्या ज्यादा है। इसमें कोठारी अस्पताल, मारवाड़ अस्पताल, अपेक्स हॉस्पिटल, जीवन रक्षा हॉस्पिटल, श्रीराम हॉस्पिटल, डॉ. श्याम अग्रवाल हॉस्पिटल में रोगियों की संख्या करीब तीन हजार के आसपास है। इसके अलावा आंखों, हड्डियों और हृदय के प्राईवेट अस्पताल भी हैं। ये सभी रोगी इन दिनों तीनों सरकारी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। प्राइवेट अस्पताल में हर रोज करीब सौ ऑपरेशन होते हैं। ऑपरेशन के लिए भी रोगी पीबीएम अस्पताल पहुंच रहे हैं। संख्या बढ़ने के कारण पीबीएम अस्पताल में अत्यावश्यक ऑपरेशन हो रहे हैं। सामान्य ऑपरेशन के लिए आगे की तारीख दी जा रही है।

प्राइवेट अस्पताल के थियेटर पिछले कुछ दिन से पूरी तरह बंद है। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. गुंजन सोनी ने डॉक्टर्स के अवकाश पर रोक लगा दी है। ये रोक पीबीएम अस्पताल के अलावा सैटेलाइट अस्पताल गंगाशहर और जिला अस्पताल जस्सूसर गेट पर भी लागू रहेगी। सीएमएचओ बीकानेर से अतिरिक्त डॉक्टर्स भी मांगे गए हैं, जो पीबीएम में आउटडोर ड्यूटी देंगे।

चेटीचंड महोत्सव मनाया

हनुमानगढ़, (कासं)। टाउन की पूज्य सिंधी पंचायत सोसायटी की ओर से गुरूवार को भगवान झूलेलाल की जयंती के मौके पर 61वां चेटीचण्ड महोत्सव मनाया गया। समाज के अमर बलिदानी हेमू कालाणी की 100 वीं जयंती भी मनाई गई।

कार्यक्रम में सिंधी समाज के लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति गणेश राज बंसल की ओर से भगवान झूलेलाल के चित्र पर अखंड ज्योत का प्रज्जवलन कर की गई। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाइक रैली और शोभायात्रा निकाली गई। बाइक रैली और शोभायात्रा को सभापति गणेशराज बंसल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सभापति ने सिंधी समाज के लोगों की मांग पर पूज्य सिंधी पंचायत धर्मशाला का जल्द पट्टा बनाने का आश्वासन दिया। चेटीचंड नागरिकों को भी एकता और भाईचारे का संदेश देता है।

बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

बीकानेर, (कासं)। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बदले मौसम ने जहां हवा में ठंडक घोल दी है, वहीं किसानों के लिए जी का जंजाल बन गई है। खासकर बीकानेर के लूणकरनसर एरिया में बारिश ने बारानी और सिंचित क्षेत्र के किसान को भारी नुकसान पहुंचाया है।

यहां खेत में खड़ी फसल कभी ओले के कारण नष्ट हो गई तो कहीं ज्यादा बारिश के कारण। पिछले पंद्रह दिन में दूसरा मौका है जब इसी एरिया में फसलों को नुकसान हुआ है। यहां बारिश के बाद खियेरा ग्राम पंचायत के करीब आधा दर्जन गांवों में फसल को नुकसान हुआ है। इसमें खियेरां, खोखराण, ऊंचाइडा, लालेरा व भादवा में फसलों को नुकसान हुआ है।

इसमें सर्वाधिक बुवाई खियेरां में ही थी। चने की फसलों में ज्यादा पानी पहुंचने से फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। किसानों ने बड़ी मेहनत के साथ यहां चने की फसल को तैयार किया था लेकिन आधा घंटे की बारिश ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया है।

- लूणकरनसर के आधा दर्जन गांवों में चने और सरसों की फसल बर्बाद

दरअसल चने की फसल अब पक रही है। ऐसे में बारिश के कारण पानी फसल में पहुंच गया है। काफी देर तक चने बारिश के पानी में ही भीगे रहे। पानी में रहने से चने खराब हो जाते हैं। बाजार में बेचना तो दूर इन्हें पशु भी नहीं खाते। ऐसे में ये फसल फैंकनी ही पड़ती है। इससे पहले ओलावृष्टि से लूणकरनसर के कांकड़वाला में भी फसल खराब हो गई थी। तब भारी मात्रा में ओले गिरने से फसल खराब हो गई थी। यहां भी लम्बे-चौड़े क्षेत्र में चने की फसल थी। ओले गिरने से चने के पौधे खराब हुए तो चने भी बर्बाद हो गए।

पत्रकारों ने जानी उरमूल डेयरी की कार्य प्रणाली

बीकानेर, (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन की पहल पर गुरूवार को पत्रकारों ने उरमूल डेयरी का शैक्षणिक भ्रमण किया।

डेयरी के प्रबंध संचालक बाबूलाल बिश्नोई ने पत्रकारों को दुग्ध पालकों से दूध प्राप्त होने से लेकर इसकी प्रोसेसिंग पाश्चुराइजेशन और पैकेजिंग तक की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने डेयरी के प्रमुख उत्पाद दूध दही छाछ घी श्रीखंड आदि निर्माण प्रक्रिया की जानकारी दी। डेयरी के चेयरमैन नोपाराम जाखड़ ने बताया कि सभी उत्पादों के निर्माण में शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाता है।

- दुग्ध पालकों से दूध प्राप्त होने से इसकी प्रोसेसिंग पाश्चुराइजेशन और पैकेजिंग तक की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में बताया

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा गोपालकों को प्रति लीटर 5 सब्सिडी दिए जाने को बेहद लाभकारी बताया। उन्होंने प्लांट की मशीनरी की जानकारी दी। संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन ने कहा कि डेयरी के उत्पादों और इसकी शुद्धता की जानकारी आमजन तक पहुंचे, इसके मद्देनजर यह शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया है।

गणगौर उत्सव 26 को

बीकानेर, (कासं)। माहेश्वरी महिला समिति की ओर से रविवार को स्थानीय नृसिंह भवन में गणगौर उत्सव का आयोजन किया गया है।

समिति की अध्यक्ष मंजू दम्माणी ने बताया कि उत्सव के दौरान मेहन्दी प्रांतीय वेशभूषा, गणगौर पूजा थाली, सज्जा प्रतियोगिताएं रखी गई है। वहीं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। जिसमें समाज की युवतियां व महिलाएं राजस्थानी व पारम्परिक गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियां देगी। सचिव चन्द्रकला कोठारी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरान्त प्रतियोगिताओं की विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी शशिमोहन मूंदड़ा व विशिष्ट अतिथि सीओ सदर शालिनी बजाज होगी। कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है।

रामपुरा बस्ती के घर से सोने-चांदी के जेवर व नगदी चोरी

बीकानेर, (कासं)। नयाशहर थाना एरिया में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी थाने के रामपुरा बस्ती में चोरों ने बीस दिन में दूसरी बार हाथ साफ किया। मार्च के पहले सप्ताह में ही जिस एरिया में चोरी हुई वहीं पर एक बार फिर सोने-चांदी के जेवरात व नगदी लेकर चोर पार हो गए।

पुलिस के हाथ पूरी तरह खाली है। अभी पिछली चोरी का कोई सुराग पुलिस को नहीं मिला है। इससे पहले नयाशहर थाने के ही मुरलीधर व्यास कॉलोनी में भी एक के बाद एक दो-तीन घरों में चोरी हो चुकी है। ताजा मामला दुर्गादत्त भार्गव ने दर्ज कराया है जो रामपुरा बस्ती के गली नंबर दो बी में रहता है। उसने बताया कि घर में बिना ताले का बॉक्स रखा हुआ था। ये बॉक्स चोरी हो गया।

- चोरों ने बीस दिन में दूसरी बार हाथ साफ किया

जिसमें सोने का मंगलसूत्र, नाक की बाली, कानों के सोने के झाले, चांदी की तीन पाव की पायजेब सहित कई सामान रखा हुआ था। ये सारा सामान चोरी हो गया। इसके अलावा नगद रूपए भी घर से गायब हुए हैं। नयाशहर पुलिस ने इस मामले की छानबीन एएसआई सुरेश कुमार को सौंपी है।

इससे पहले रामपुरा बस्ती की गली संख्या 18 में रहने वाले लाल सिंह ने चोरी की एफआईआर दर्ज कराई है। लाल सिंह के घर में 25 फरवरी की रात चोरी हुई थी लेकिन एफआईआर अब महीने के अंतिम दिन हुई है।

लाल सिंह ने बताया कि उसके घर से 25 फरवरी की रात 2.38 बजे चोर घुसे और सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। इसमें पांच सोने की अंगूठी, एक सोने की चैन, दो लेडीज अंगूठी, दो टोप्स, चांदी का सिक्का, चांदी का अन्य सामान और पच्चीस हजार रूपए नगद चोरी हो गए।

इस चोरी के तीन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। मुक्ता प्रसाद नगर में कुछ दिन पहले ही चोर घर और दुकान से चोरी करके निकल गए।

ग्राम पंचायत बीठनोक में मनरेगा श्रमिकों को डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण शुरू

बीकानेर, (कासं)। ग्राम पंचायत बीठनोक में मनरेगा में 100 दिन पूर्ण कर चुके श्रमिकों के लिए उन्नति परियोजना के तहत डेयरी फार्मिंग का प्रशिक्षण गुरूवार को प्रारंभ हुआ।

उद्घाटन समारोह में आरसेटी के निदेशक दिनेश जैन ने कहा कि प्रशिक्षण में सरकार की विभिन्न योजना की जानकारी दी जायेगी। डेयरी फार्मिंग से आजीविका का विकास करने में दस दिवसीय प्रशिक्षण महत्वपूर्ण रहेगा। अग्रणी जिला प्रबंधक वाई.एन. व्यास ने कहा कि प्रशिक्षणार्थी पूर्ण गंभीरता से प्रशिक्षण लें। बैंक द्वारा प्राथमिकता से ऋण दिया जायेगा। आय वृद्धि के हिसाब से यह महत्वपूर्ण साबित होगा।

राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक राजेन्द्र विश्नोई ने कहा कि महिलाओं के कौशल विकास के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित हो रही हैं। जिला प्रबंधक लाइवलीहुड रघुनाथ डूडी ने बताया कि आरसेटी के माध्यम से सिलाई, टेलरिंग, ब्यूटी पार्लर आदि ट्रेंड्स के प्रशिक्षण करवाए जा रहे हैं। एसबीआई के शाखा प्रबंधक सुनील पालीवाल ने बैंक की ऋण योजनाओं के बारे में बताया।

बीठनोक में आरसेटी के निदेशक दिनेश जैन ने डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण को संबोधित किया।

बीठनोक के ग्राम विकास अधिकारी शक्ति सिंह ने कहा कि प्रत्येक पात्र तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। राजीविका के ब्लॉक इंचार्ज मनोज सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रशिक्षण पर सभी ने खुशी जताई। कार्यक्रम का संचालन आरसेटी के कपिल पुरोहित ने किया। इस अवसर पर राजीविका की ममता शर्मा, सुमन व आसूसिंह व स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित थे।

- मनरेगा में 100 दिन पूर्ण कर चुके श्रमिकों के लिए उन्नति परियोजना के तहत डेयरी फार्मिंग का प्रशिक्षण शुरू किया गया

पूजा छाबड़ा का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी

सूरतगढ़, (कासं)। सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर आंदोलन लगातार जोर पकड़ता जा रहा है। शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा छाबड़ा का आमरण अनशन महाराणा प्रताप चौक पर गुरूवार को तीसरे दिन भी जारी रहा।

हालांकि प्रशासन के निर्देश पर पुलिस उनका रूटीन मेडिकल चैकअप भी करवा रही है। इस बीच शहर के एक और नागरिक तथा रेल विकास संघर्ष समिति के सदस्य उमेश मुद्गल के आमरण आमरण अनशन पर बैठने की घोषणा के बाद आज जिला बनाओ अभियान समिति और शहर के लोगों ने उन्हें माला पहनाकर अनशन पर बैठाया।

विधानसभा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जाने के बाद जयपुर से सूरतगढ़ लौटे भाजपा के क्षेत्रीय विधायक रामप्रताप कासनिया भी अनशन स्थल पहुंचे। उन्होंने सूरतगढ़ को जिला बनाने के इस अभियान को पुरजोर समर्थन दिया। विधायक कासनिया ने कहा कि सूरतगढ़ हर मायने में जिला बनने के मापदंड पूरे करता है, फिर भी 19 जिलों में भी इसे शामिल ना करना राजनीतिक रूप से हमारी उपेक्षा ही करार दिया जायेगा। विधायक ने कहा कि शहर की इस दशकों पुरानी को लेकर उन्होंने सदन में भी आवाज उठाई थी तथा वेल में आकर धरना दिया था।

- कासनिया ने शुक्रवार के हाईवे जाम को लेकर चर्चा की

कासनिया ने कहा कि उन्होंने तो विधानसभा में यह तक कह दिया था कि उनके भाजपा विधायक होने के कारण अगर सूरतगढ़ को जिला बनाने से वंचित रखा जा रहा है तो वे अभी इस्तीफा दे देते हैं। इस दौरान अनशन स्थल पर अनेक व्यापारिक, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने पहुंचकर जिला बनाने के इस अभियान का समर्थन करते हुए उन्हें पत्र सौंपा। वहीं धरना स्थल पर आंदोलन के अगुआ नेताओं ने समिति के साथ मिलकर शुक्रवार के हाईवे जाम को लेकर भी चर्चा की गई।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : निवेदन/2023/3856 विज्ञप्ति दिनांक : 22/03/2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खातेदार श्री भूपेन्द्र सिंह एवं श्री गौरव सिंह पुत्र श्री भूपेन्द्र सिंह जरिये मु0 आम श्री सुधीर कुमार पुत्र श्री वीगती लाल निवासी 25-ए प्रेम नगर, श्रीगंगानगर द्वारा चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 58 किला नं. 14 में 0.253 है, किला नं. 15/1 में 0.063 है., किला नं. 15/2 में 0.190 है., यथाकुल 0.506 है. भूमि न्यास स्तर पर गठित ले-आऊट प्लान समिति की बैठक दिनांक 01.01.2020 द्वारा स्वीकृत है। आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 58 किला नं. 14 में 0.253 है, किला नं. 15/1 में 0.063 है., किला नं. 15/2 में 0.190 है, यथाकुल 0.506 है. भूमि में स्वीकृत ले-आऊट प्लान में संशोधन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवेदक खातेदार/विकासकर्ता द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि / भूखण्डों के आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टे को समर्पित करते हुए व्यावसायिक उपयोग हेतु आवेदन किया है। अत: उपरोक्त वर्णित भूमि के संशोधन हेतु प्रस्तावित ले-आऊट प्लान स्वीकृति के सन्दर्भ में किसी हितबद्ध भूखण्डधारी / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 07 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर